# CSAUA&T convocation on Oct 4



V-C CSAUA&T Dr Anand Kumar Singh, addressing mediapersons on Tuesday.

**PIONEER NEWS SERVICE ■ KANPUR**

The 26th convocation of Chandra Shekhar Azad University of Agriculture & Technology (CSAUA&T) will be held at its Kailash Bhavan auditorium on October 4. Chancellor/Governor Anandiben Patel will chair the programme. Addressing mediapersons, Vice-Chancellor Dr Anand Kumar Singh said the Director-General of International Maize & Wheat Improvement Centre, Mexico, Bram Govaerts will be the chief guest and conferred DSc Honoris Causa on the occasion. He said UP Agriculture Minister Surya Pratap Shahi will grace the event as special guest. As many as 601 students will be conferred degrees. Besides 14 chancellor's gold medals, 14 silver medals, 13 bronze medals and 21 sponsored medals will also be given to meritorious students. The recipient of medals comprised 62.90 per cent boys and 37.10 per cent girls. He said 30 students of primary and junior schools and anganwadi workers will also be present. Chairman of Media Committee Dr Vijay Yadav, Registrar Dr PK Upadhyaya, Dean (Agricultural Engineering) Etawah Dr NK Sharma, Director (Expansion) Dr RK Yadav, Dean (Forestry PG College) Dr Muneesh Kumar, Dr Kaushal Kumar, media incharge Dr Khalil Khan were also present.

रहस्य सन्देश 02/10/2024

# सीएसए- 26वें दीक्षांत समारोह का हुआ पूर्वाभ्यास

अनवर अशरफ

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में 4 अक्टूबर 2024 को होने वाले 26वें दीक्षांत समारोह का आज मंगलवार को रिहर्सल किया गया। आज विश्वविद्यालय की 26वें दीक्षा समारोह के पूर्व कार्यान्वयन के पूर्वाभ्यास में कुलाधिपति/श्री राज्यपाल के रूप में अधिष्ठाता गृह विज्ञान डा.मुक्ता गर्ग रही और विभाग अध्यक्ष पादप रोग विज्ञान विभाग डॉक्टर मुकेश श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सर्वेंद्र कुमार गुप्ता उपस्थित रहे वही रिहर्सल के दौरान कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह स्वयं उपस्थित रहे। 4 अक्टूबर को होने वाले दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय गेहूं मक्का सुधार केंद्र मेक्सिको की



महानिदेशक ब्रैम गोवाट्र्स जबकि विशिष्ट अतिथि कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही जी भी शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह के कार्यक्रम को लेकर विद्या परिषद के सदस्यों के साथ पूर्व अभ्यास को कई चरणों में दोहराया गया। कार्यक्रम में 601 छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी।इसके अलावा मेधावियों को 14 कुलाधिपति स्वर्ण पदक,14 विश्वविद्यालय रजत पदक,13 विश्वविद्यालय कांस्य पदक तथा 21 प्रायोजित स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील ख़ान ने बताया की रिहर्सल में पर्यावरण एवं जल संरक्षण के महत्व पर विशेष बल दिया गया। पूर्वाभ्यास में डॉक्टर सी एल मौर्य, डॉक्टर एनके शर्मा,डॉक्टर मुनीश कुमार,डॉक्टर पी के सिंह,डॉक्टर आरके यादव, डॉक्टर नौशाद खान डॉक्टर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दीक्षा समारोह में विदेशी विज्ञानी होंगे मुख्य अतिथि

## हरित क्रांति में मुख्य भूमिका निभाने वाली संस्था सिमिट के महानिदेशक डा. राबर्ट को न्योता

जासं, कानपुर : देश में हरित क्रांति और गेहूं की खेती में प्रमुख भूमिका निभाने वाले इंटरनेशनल मेज एंड व्हीट इंपूवमेंट सेंटर (अंतरराष्ट्रीय मक्का एवं गेहूं सुधार केंद्र मैक्सिको- सिमिट) के महानिदेशक डा. राबर्ट ब्रैम गोवर्ट्ज इस बार चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय दीक्षा समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। उन्हें विश्वविद्यालय की मानद उपाधि भी दी जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. आनंद कुमार सिंह ने बताया कि राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में चार अक्टूबर को दीक्षा समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें 14 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि देश में गेहूं की खेती शुरू कराने और इसे विस्तार देने में अंतरराष्ट्रीय मक्का एवं गेहूं सुधार केंद्र मैक्सिको (सिमिट) की भूमिका अहम रही है। दीक्षा समारोह में डा. ब्रैम को विश्वविद्यालय की मानद उपाधि भी दी जाएगी। कुलाधिपति डा. आनंदीबेन पटेल इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्रों और प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को उपहार भी देंगी। समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और राज्य कृषि मंत्री बलदेव सिंह औलख भी शामिल होंगे। इस बार विश्वविद्यालय के सभी विभागों के कुल 14 छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति स्वर्ण पदक और 14 को रजत पदक और 13 विद्यार्थियों को कांस्य पदक दिया जाएगा। प्रायोजित स्वर्ण पदक भी 21 दिए जाएंगे।

इस बार बीटेक इलेक्ट्रानिक में किसी भी छात्र-छात्रा को कुलाधिपति कांस्य पदक के योग्य नहीं पाया गया है। कुल 62 पदक दिए जाएंगे जिसमें कुलाधिपति रजत पदक पाने वाली छात्राओं की संख्या आठ है, जबकि छात्रों की संख्या छह है। कुलाधिपति स्वर्ण पदक पाने वालों में आठ छात्र, छह छात्राएं, कांस्य पदक में नौ छात्र व चार छात्राएं, जबकि प्रायोजित स्वर्ण पदक पाने वालों में 16 छात्र व पांच छात्राएं हैं। कुल पदक पाने वाली छात्राएं 23 व छात्र 39 हैं। छात्राओं का प्रतिशत 37.1 है। दीक्षा समारोह में कुल 601 डिग्री दी जाएंगी। जिसमें 49 पीएचडी उपाधि हैं। सर्वाधिक 39 पीएचडी कृषि विभाग पांच, गृह विज्ञान और पांच उद्यान विभाग से हैं।

कुलपति ने बताया कि दीक्षा समारोह में 50 आंगनबाड़ी केंद्रों को आवश्यक सामग्री का उपहार राज्यपाल देंगी। कानपुर, देहात, रायबरेली और फतेहपुर के प्राथमिक विद्यालयों के 30 बच्चे भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों में आयोजित चित्रकला, निबंध व भाषण प्रतियोगिता के विजेता 12 बच्चों को भी आमंत्रित किया गया है जिन्हें राज्यपाल अपनी ओर से पुरस्कृत करेंगी।

**50-50 हजार के दो नकद पुरस्कार भी :** सीएसए में पहली बार दो छात्र-छात्राओं को 50-50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा। कुलसचिव डा. पीके उपाध्याय ने बताया कि डा. शशि प्रभा मिश्रा स्वर्ण पदक पाने वाली छात्रा अटोबि घोष को बीएससी से सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर यह पुरस्कार दिया जाएगा। यह पुरस्कार केवल छात्रा के लिए है, जबकि डा. तपानाथ शुक्ला स्वर्ण पदक के लिए चयनित एमएससी प्लांट पैथालोजी के छात्र दीपक सिंह को भी यह पुरस्कार दिया जाएगा। यह पुरस्कार केवल प्लांट पैथालोजी के छात्र को ही दिया जाता है।


दीक्षा समारोह की जानकारी देते सीएसए कुलपति डा. आनंद कुमार सिंह • संस्थान

- सभी विभागों में इस बार कुलाधिपति स्वर्ण पदक की घोषणा
- दो विद्यार्थियों को 50-50 हजार रुपये के नकद पुरस्कार भी

**14** विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा

### रितिक को कुलाधिपति स्वर्ण समेत चार प्रायोजित स्वर्ण पदक भी

सीएसए के बीएससी आनर्स कृषि के छात्र रितिक कुमार को कुलाधिपति स्वर्ण पदक के साथ ही चार प्रायोजित स्वर्ण पदक-रायसाहब गजोधर लाल मेमोरियल स्वर्ण पदक, डा. कीर्तिकर मेमोरियल स्वर्ण पदक, आरपी स्वर्ण पदक, अक्षयबर सिंह मेमोरियल स्वर्ण पदक भी दिया जाएगा। एमएससी कृषि के भूपेंद्र को भी कुलाधिपति स्वर्ण के साथ डा. एमएस अग्रवाल स्वर्ण पदक, डा. जेएस अग्रवाल मेमोरियल स्वर्ण पदक, प्रो. हरि गोबिन्द सिंह स्वर्ण पदक और अटोबि घोष को कुलाधिपति स्वर्ण पदक के साथ प्रकाश रानी वशिष्ठ मेमोरियल स्वर्ण पदक व डा. शशि प्रभा मिश्रा स्वर्ण पदक, बीएसएसी वानिकी के छात्र युवराज को कुलाधिपति स्वर्ण पदक के साथ डा. प्रो. हनुमान प्रसाद चौधरी स्वर्ण पदक, एमएससी कृषि प्लांट पैथालोजी छात्र दीपक को विनय कुमार वर्मा मेमोरियल स्वर्ण पदक, एमएससी भूमि संरक्षण एवं जल प्रबंध के छात्र दीपक को डा. आरएन गुप्ता मेमोरियल स्वर्ण पदक, एमएससी कीट विज्ञान के छात्र रमाकांत को देवराजी मेमोरियल स्वर्ण पदक, एमएससी कृषि मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन की छात्रा अमरीन को डा. भारत सिंह स्वर्ण पदक, एमएससी उद्यान की छात्रा शिवानी को डा. पीएन वाजपेयी स्वर्ण पदक, एमएससी सामुदायिक विज्ञान की प्रभा को कुलाधिपति स्वर्ण के साथ सरस्वती वर्मा स्वर्ण पदक, एमएससी कृषि अर्थशास्त्र के करुणेश को स्व. प्रो. डा. जगेश चंद्र शर्मा मेमोरियल स्वर्ण पदक, एमएससी कृषि प्रसार के सौरभ को डा. आलोक सिंह मेमोरियल स्वर्ण पदक, एमएससी कृषि सस्य विज्ञान के प्रतीक को कुलाधिपति कांस्य के साथ ही प्रशांत कुमार यादव मेमोरियल स्वर्ण पदक व एमएससी शाकभाजी के मनदीप को कुलाधिपति स्वर्ण पदक के साथ ही डा. नारायण चन्द पांडेय स्वर्ण पदक दिया जाएगा।

### इन मेधावियों को मिलेगा सीएसए का पदक

| कुलाधिपति स्वर्ण पदक | विश्वविद्यालय रजत पदक |
|---|---|
| रितिक कुमार | विष्णु सैनी |
| अटोबि घोष | श्रव्या सिंह |
| युवराज सिंह | अभिषेक द्विवेदी |
| आध्या पांडेय | योगेश कुमार |
| आर्यन दुबे | न्याशा पटेल |
| अमन तोमर | उज्ज्वल मिश्रा |
| सौम्या पाठक | खुशी यादव |
| फातिमा | रजत जुरैल |
| अर्पित कुमार | अविरल राय |
| निदा आफरीन | नीमत बानो |
| भूपेन्द्र कुमार | रिया आनन्द |
| मनदीप दिवाकर | शिवानी पांडेय |
| यजेन्द्र राणा | साक्षी सिंह |
| प्रभा कुशवाहा | स्तुति अग्रवाल |

**विश्वविद्यालय कांस्य पदक**

- अविनाश सिंह
- मानुषी पाल
- कार्तिकेय वर्मा
- कुनेन्द्र सिंह
- नवनीत सिंह
- कार्तिकेय सचान
- कृष्ण गोपाल
- पंकज प्रताप
- माही
- आराधना वर्मा
- प्रद्युम्न दुबे
- प्रिंसी प्रसाद
- प्रतीक सक्सेना

दैनिक जागरण संस्कारशा

अमृता सिंह

शिवम कभी सी
हो सकता है ना
पूरे शरीर में गति
दौड़ रहा हो। उस
ऊपर कुछ लपकने
या नीचे झुक कर
में। दस साल की
कर रहा होता है
का होते-होते उसके
क्रिकेट प्रेम को सम
क्रिकेट को लेकर
उसके सिवा आगे
सोच ही नहीं पाता
हर सांस में क्रिके
पिता खुद भी हैरान
यह बच्चा अभी
रिकार्ड्स कैसे याद
विश्व के हरेक खि
और खूबियों पर
सकता है। उन्हें
की थी कि उसके
वजह से उसकी
थी और क्रिकेट भी
क्रिकेट के सिवा
ध्यान देता था औ
जाकर क्रिकेट खे
सिर्फ टीवी और
देखता रहता था।
कितनी बार समझ
में जाकर खेलो,
यूट्यूब में क्रिकेट
क्रिकेटर नहीं बन
जोर लगाना पड़
करनी पड़ती है।
टी शर्ट पहन कर
बैट घुमाने का
क्रिकेटर नहीं बन
करना ही पड़ेगा।
कोई मेहमान
पूछता, "बेटा,
करोगे आगे? कु
तो तुमने सोच

# CSA में कॉन्वोकेशन कल, मेडल में ब्वॉयज आगे

## मैक्सिको के ब्रैम गोवाट्‌र्स होंगे कॉन्वोकेशन के चीफ गेस्ट, मिलेगी मानद उपाधि

**गवर्नर आनंदबेन करेंगी अध्यक्षता, 601 स्टूडेंट्स को डिग्री, 62 मेडल्स बटेंगे**

kanpur@inext.co.in

KANPUR (01 Oct): सीएसए में फ्राइडे को होने वाले 26वें कॉन्वोकेशन में मेडल और डिग्री पाने में ब्वायज ने गर्ल्स को पछाड़ दिया है. ट्यूजडे को वीसी कमेटी हॉल में प्रेस कार्फ्रेंस के दौरान वीसी डॉ. आनंद कुमार सिंह ने बताया कि कॉन्वोकेशन में 601 स्टूडेंट्स को डिग्री दी जाएंगी, जिसमें 456 ब्वायज और 145 गर्ल्स हैं. इसके अलावा चांसलर (गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज) और स्पांसर्ड गोल्ड मेडल समेत टोटल 62 मेडल्स बटेंगे. इनमें 39 ब्वायज और 23 गर्ल्स हैं. सीएसए के कॉन्वोकेशन की अध्यक्षता चांसलर और गवर्नर आनंदीबेन पटेल करेंगी.

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT



कॉन्वोकेशन के बारे में जानकारी देते वीसी.

### वीसी ने देखीं तैयारियां

चीफ गेस्ट के रूप में सिमिट मेक्सिको के डीजी ब्रैम गोवाट्‌र्स होंगे. इनको डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि भी दी जाएगी. विशिष्ट अतिथि कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही रहेंगे. स्कॉलर स्टूडेंट्स को मंच से चीफ गेस्ट और गवर्नर मेडल और डिग्री देंगे. ट्यूजडे को कॉन्वोकेशन का रिहर्सल किया गया, जिसमें चांसलर के रूप में डीन होम साइंस डा.मुक्ता गर्ग, प्लांट पैथोलॉजी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉक्टर मुकेश श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे.

### पर्यावरण पर फोकस

मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया की रिहर्सल में पर्यावरण एवं जल संरक्षण के महत्व पर विशेष बल दिया गया है. इस मौके पर डॉक्टर एनके शर्मा,डॉक्टर मुनीश कुमार,डॉक्टर पीके सिंह, डॉक्टर आरके यादव, डॉक्टर नौशाद खान डॉक्टर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे.

### किट और बच्चों को सर्टिफिकेट

कॉन्वोकेशन में 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट दी जाएगी. इसके अलावा कानपुर देहात (दलीप नगर), रायबरेली और फतेहपुर के प्राइमरी स्कूल (क्लास 3 से 8) तक के बच्चों के लिए प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी. बच्चों को सर्टिफिकेट भी मिलेगा.

### इन मेडल्स के साथ 50 हजार रुपए कैश

वीसी डॉ. सिंह ने बताया कि डॉ. शशि प्रभा गोल्ड मेडल बीएससी में सर्वोच्च मार्क्स पाने वाली स्टूडेंट्स को मिलेगा. वहीं, डॉ. तपानाथ शुक्ला गोल्ड मेडल एमएससी (एग्रीकल्चर) प्लांट पैथोलॉजी के स्टूडेंट्स को मिलेगा.

**टोटल 62 मेडल मिलेंगे**

| मेडल | ब्वॉयज | गर्ल्स | टोटल |
|---|---|---|---|
| चांसलर गोल्ड | 08 | 06 | 14 |
| चांसलर सिल्वर | 06 | 08 | 14 |
| चांसलर ब्रांज | 09 | 04 | 13 |
| स्पांसर्ड गोल्ड | 16 | 05 | 21 |
| टोटल | 39 | 23 | 62 |

| डिग्री | ब्वॉयज | गर्ल्स | टोटल |
|---|---|---|---|
| यूजी | 270 | 78 | 348 |
| पीजी | 151 | 53 | 204 |
| पीएचडी | 35 | 14 | 49 |
| टोटल | 456 | 145 | 601 |

Kanpur city की real time खबरों से update रहने के लिए Twitter पर फॉलो करें

मं वालिद फांसी पर झूल गया हो।

त्रिपाठी, डॉ. मनमीत सिंह, डॉ. चतुर्वेदी, डॉ. रमाकांत पाण्डेय, सिंह ने किया।

हिंदुस्तान 02/10/2024

**सीएसए | कुल 62 में 39 पदक और 601 में 456 डिग्रियां छात्रों को दिए जाएंगे, डॉ. ब्रैम को मिलेगी मानद उपाधि**

# इस बार मेडल और डिग्री पाने में बेटे रहे आगे

कानपुर, वरिष्ठ संवाददाता। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (सीएसए) का 26वां दीक्षांत समारोह चार अक्टूबर को होगा। दीक्षांत में 14 छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति स्वर्ण, 14 रजत, 13 कांस्य और 21 प्रायोजित स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय मक्का व गेहूं सुधार केंद्र (सिमिट), मेक्सिको के महानिदेशक डॉ. ब्रैम गोवार्ट्स को डीएससी की मानद उपाधि दी जाएगी।

सीएसए के सभाकक्ष में कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह, निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र विजय कुमार यादव, डॉ. मुनीश कुमार, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. आरके यादव, डॉ. एनके शर्मा, डॉ. खलील खान ने पत्रकार वार्ता में बताया कि दीक्षांत की अध्यक्षता कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। मुख्य अतिथि डॉ. ब्रैम गोवार्ट्स होंगे। उन्होंने बताया कि कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि व कृषि शिक्षा राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख विशिष्ट अतिथि होंगे।



सीएसए के सभाकक्ष में समारोह की तैयारियों के बारे में बताते कुलपति।

कुलपति ने बताया कि दीक्षांत में कुल 62 पदक दिए जाएंगे। इसमें 14 स्वर्ण पदक हैं। पदक पाने वालों में रितिक कुमार, अटोवि घोष, युवराज सिंह, आध्या पांडेय, आर्यन दुबे, अमन तोमर, सौम्या पाठक, फांतिमा, अर्पित कुमार, निदा आफरीन, भूपेंद्र कुमार, मनदीप कुमार दिवाकर, यजेंद्र राणा और प्रभा कुशवाहा। 14 रजत पदक दिए जाएंगे, इसमें विष्णु सैनी, श्रव्या सिंह, अभिषेक द्विवेदी, योगेश कुमार, न्याशा पटेल, उज्जवल मिश्रा, खुशी यादव, रजत जुरैल, अविरल राय, नीमत बानो, रिया आनन्द, शिवानी पांडेय, साक्षी सिंह और स्तुति अग्रवाल।

## एमएससी में छात्र-छात्राएं होंगे पुरस्कृत

कुलपति ने बताया कि एमएससी एवं उद्यान विषय में वंदना सिंह, करुणेश चौधरी, सौरभ सिंह, प्रतीक सक्सेना, कनिष्क चतुर्वेदी, अनिकेत कुमार, रमाकांत मौर्या, भूपेंद्र कुमार, दीपक सिंह, प्रज्ञा रस्तोगी, रंजीता पांजा, दीपक कुशवाहा, अमरीन सिद्दीकी, शिवानी पांडेय, मंदीप कुमार दिवाकर। एमएससी गृह विज्ञान में प्रभा कुशवाहा, स्तुति अग्रवाल और प्रिंसी प्रसाद को यह सम्मान मिलेगा।

# सीएसए का दीक्षांत समारोह चार को पदक और उपाधि पाने में छात्र आगे

## सीएसए : 26वें दीक्षांत में 601 छात्र-छात्राओं को उपाधियां, 62 को दिए जाएंगे पदक

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के 26वें दीक्षांत समारोह में इस बार पदक और उपाधियां लेने छात्राओं से छात्र आगे हैं। छात्र-छात्राओं को 601 उपाधियां और 62 पदक दिए जाएंगे। चार अक्तूबर को होने वाले दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी।

अंतरराष्ट्रीय मक्का सुधार केंद्र मेक्सिको के महानिदेशक ब्रैम गोवार्ट्स मुख्य अतिथि रहेंगे। गोवार्ट्स को मानद उपाधि भी दी जाएगी। यह जानकारी विवि के कुलपति प्रो. आनंद कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में दी। विशिष्ट अतिथि कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही शामिल होंगे।

सीएसए के दीक्षांत में विभाग में प्रथम आने वाले छात्र को कुलाधिपति स्वर्ण, द्वितीय को विवि रजत और तीसरे स्थान पर आने वाले को विवि कांस्य पदक से सम्मानित किया जाता है। 14 मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण, 14 मेधावियों को विवि रजत और 13 मेधावियों को विवि कांस्य पदक दिया जाएगा।

21 प्रायोजित पदक के साथ कुल 62 पदक दिए जाएंगे। 601 उपाधियों में स्नातक में 348, परास्नातक में 204 और पीएचडी में 49 छात्रों को उपाधियां दी जाएंगी। समारोह में आंगनबाड़ियों और प्राइमरी एवं जूनियर के 30 छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से डॉ. पीके उपाध्याय, डॉ. एनके शर्मा, डॉ. आरके यादव, डॉ. मुनीश कुमार, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. खलील खान मौजूद रहे।

**अंतरराष्ट्रीय मक्का सुधार केंद्र मेक्सिको के महानिदेशक ब्रैम गोवार्ट्स को मिलेगी मानद उपाधि**

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और प्राइमरी एवं जूनियर के 30 छात्रों को किया जाएगा पुरस्कृत**



सीएसए में दीक्षांत से संबधित जानकारी देते कुलपति प्रो. आनंद कुमार सिंह। संवाद

### 62 पदकों में 39 पदक छात्रों को

*62 पदकों में 39 पदक छात्र और 23 पदक छात्राओं को मिलेंगे। आठ छात्रों और छह छात्राओं को कुलाधिपति स्वर्ण, छह छात्रों और आठ छात्राओं को रजत पदक और नौ छात्रों और चार छात्राओं को कांस्य पदक मिलेगा। 16 छात्रों और 5 छात्राओं को 21 प्रायोजित पदक दिए जाएंगे। वहीं, स्नातक पाठ्यक्रम में 347 उपाधियों में 270 छात्रों और 77 छात्राओं, परास्नातक में 204 में 151 छात्रों और 53 छात्राओं और पीएचडी में 49 में से 35 छात्रों और 14 छात्राओं को उपाधियां दी जाएंगी।*

## विवि में खुलेगा इंक्यूबेशन केंद्र, मक्का की खेती बढ़ाने का प्रयास

विवि कुलपति प्रो. आनंद कुमार सिंह ने कहा कि कृषि में नवाचार बढ़ाने के उद्देश्य से संस्थान में इंक्यूबेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी। प्रो. सिंह ने बताया कि अलसी की दो प्रजातियों का विकास किया गया है, इसका उत्पादन शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा सरसों की नई प्रजाति और मक्का की खेती को बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। गुणवत्ता युक्त बीजों के साथ मिलेट्स प्रॉसेसिंग, पैकेजिंग एवं आउटलेट की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा सेवायोजन के क्षेत्र में भी विवि आगे रहा है।

### पर्यावरण एवं जल संरक्षण के महत्व पर दिया बल

कानपुर। दीक्षांत की तैयारियों को लेकर सीएसए में मंगलवार को रिहर्सल हुई। चांसलर के रूप में डीन होम साइंस डॉ. मुक्ता गर्ग, प्लांट पैथोलॉजी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ. मुकेश श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि रिहर्सल में पर्यावरण एवं जल संरक्षण के महत्व पर विशेष बल दिया गया है। वीसी डॉ. सिंह ने बताया कि डॉ. शशि प्रभा गोल्ड मेडल बीएससी में सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्रा को मिलेगा। वहीं, एमएससी (एग्रीकल्चर) प्लांट पैथोलॉजी के स्टूडेंट्स को डॉ. तपानाथ शुक्ला गोल्ड मेडल मिलेगा। मेडल के साथ 50 हजार का नकद दिए जाएंगे। (ब्यूरो)

## पीएचडी में दाखिले के लिए मुक्त विवि में ऑनलाइन आवेदन करें

कानपुर। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 पीएचडी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश परीक्षा समिति के संयोजक प्रोफेसर पीके पांडेय ने बताया कि अभ्यर्थी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और प्रवेश परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

**आवेदन और प्रवेश परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 26 अक्तूबर**

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, आवेदन और प्रवेश परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 26 अक्तूबर है। विलंब शुल्क के साथ 27 अक्तूबर से छह नवंबर तक आवेदन किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन विवरण में त्रुटि संशोधन सात से 12 नवंबर तक होगा। प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 18 नवंबर को अपलोड कर दिए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 23 नवंबर है।

प्रो. पांडेय ने बताया कि 14 विषय कंप्यूटर विज्ञान, न्यूट्रीशन फूड एंड डाइटेटिक्स, पत्रकारिता एवं जनसंचार, वाणिज्य, मध्ययुगीन और आधुनिक इतिहास, व्यवसाय प्रशासन और व्यवसाय प्रबंधन, शिक्षा शास्त्र, संस्कृत और प्राकृत भाषा, सांख्यिकी, हिंदी और आधुनिक भारतीय भाषाएं, भूगोल, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व, गणित तथा जंतु विज्ञान में निर्धारित 40 सीटों में प्रवेश दिया जाएगा। (ब्यूरो)

राष्ट्रीय सहारा

कानपुर • बुधवार • 2 अक्टूबर • 2024

# ोएसए का दीक्षांत समारोह 4 ो, कुलाधिपति बांटेंगी पदक



ावि के 26वें दीक्षांत समारोह की जानकारी देते कुलपति डॉ. आनंद सिंह। फोटो : एसएनबी

## ंतरराष्ट्रीय गेहूं एवं मक्का सुधार न्द्र मेक्सिको के महानिदेशक ब्रैम गोवार्ट्स होगे मुख्य अतिथि

ुर। सीएसए के 4 अक्टूबर को होने वाले ीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति व ल आनंदीवेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम के अतिथि अंतरराष्ट्रीय गेहूं एवं मक्का सुधार ेक्सिको के महानिदेशक ब्रैम गोवार्ट्स होंगे। ानद उपाधि दी जाएगी। यह जानकारी ार को सीएसए के कुलपति डॉ. आनंद कुमार पत्रकारों से वार्ता के दौरान दी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम सुबह 11 बजे से ा भवन प्रेक्षागृह में प्रारंभ होगा। विशिष्ट अतिथि प्रदेश के कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही हैं। समारोह में 601 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मेधावियों को 14 कुलाधिपति स्वर्ण पदक,14 विश्वविद्यालय रजत पदक, 13 विश्वविद्यालय कांस्य पदक, 21 प्रायोजित स्वर्ण पदक सहित कुल 62 पदक प्रदान किए जाएंगे।

**समारोह का हुआ पूर्वाभ्यास**

: चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में 4 अक्टूबर को होने वाले 26वें दीक्षांत समारोह का मंगलवार को पूर्वाभ्यास किया गया।

पूर्वाभ्यास में कुलाधिपति एवं राज्यपाल के रूप में अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ. मुक्ता गर्ग रहीं और विभाग अध्यक्ष पादप रोग विज्ञान विभाग डॉ. मुकेश श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सर्वेंद्र कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं रिहर्सल के दौरान कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह स्वयं उपस्थित रहे। पूर्वाभ्यास में डॉ. सीएल मौर्य, डॉ. एनके शर्मा, डॉ. मुनीश कुमार, डॉ. पी के सिंह, डॉ. आरके यादव, मीडिया प्रभारी खलील खान, डॉ. नौशाद खान उपस्थित रहे।

# सीएसए का दीक्षांत 4 को, राज्यपाल बांटेगी मेडल-उपाधियां

## मेधावियों को 62 पदक और यूजी, पीजी और पीएचडी में बांटेगी 601 उपाधियां

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 1 अक्टूबर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कैलाश भवन के सभागार में आयोजित 26वें दीक्षान्त समारोह में 4 अक्टूबर 2024 को मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय गेहूं एवं मक्का सुधार केंद्र, मेक्सिको के महानिदेशक ब्रैम गोवार्ट्स को मानद उपाधि प्रदान की जाएगी और दीक्षान्त की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल होगी। विशिष्ट अतिथि प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही शामिल होंगे। समारोह में मेधावियों को 14 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 14 विश्वविद्यालय रजत पदक, 13 विश्वविद्यालय कांस्य पदक, 21 प्रायोजित स्वर्ण पदक सहित कुल 62 पदक प्रदान किए जाएंगे। पदकों में 62.90 फ़ीसदी छात्र और 37.10 फ़ीसदी छात्राएं हैं। प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालयों के 30 छात्र छात्राएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती भी शामिल रहेंगी। यह जानकारी सीएसए के कुलपति डा. आनंद कुमार सिंह ने आज पत्रकारों को दी।



वार्ता करते कुलपति डॉ आनन्द कुमार सिंह व अन्य।

कुलपति ने बताया कि आगामी 4 अक्टूबर 2024 को कैलाश भवन में सुबह 11 बजे दीक्षान्त समारोह शुरू होगा। इसके बाद शोभायात्रा में राज्यपाल, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व फैकल्टी के सदस्य सभागार में पहुंचेंगे। उन्होंने बताया इस बार 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्ती को खिलौने, पुस्तकें की किट दी जाएगी। फतेहपुर, कानपुर देहात के निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता में विजयी 12 बच्चों को राज्यपाल पुरस्कार देगी। उन्होंने बताया कि इस बार फिशनिरी व डेयरी कोर्स पर छात्रों का रुझान बढा है और सीटें भी फुल हो गई है। प्लेसमेंट भी बेहतर रहा है। वार्ता में कुलसचिव डा. पी. के. उपाध्याय, अधिष्ठाता कृषि अभियंत्रण इटावा डॉक्टर एनके शर्मा, डॉ विजय यादव, डा. मुनीश कुमार, डा. कौशल कुमार व मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान मौजूद रहे। आज दोपहर दीक्षांत का रिहर्सल भी हुआ।

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष : 16 अंक : 93 कानपुर, बुधवार 02 अक्टूबर 2024 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य : 2.00 रुपए

# राष्ट्रीय स्वरूप

## सीएसए का दीक्षांत 4 को, बांटी जाएंगी 601 उपाधियां

कानपुर । सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने आज विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षा समारोह के पूर्व प्रेस वार्ता की। कुलपति डॉ सिंह ने पत्रकारों को प्रेस वार्ता में बताया कि 4 अक्टूबर 2024 को होने वाला 26 वा दीक्षांत समारोह कुलाधिपति/राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में होगा। कार्यक्रम प्रात: 11ः00 से कैलाश भवन प्रेक्षागृह में प्रारंभ होगा।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अंतरराष्टीय गेहूं एवं मक्का सुधार केंद्र, मेक्सिको के महानिदेशक ब्रैम गोवार्ट्स को मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। ब्रैम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भी शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही उपस्थित रहेंगे। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि समारोह में 601छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मेधावियों को 14 कुलाधिपति स्वर्ण पदक,14 विश्वविद्यालय रजत पदक, 13 विश्वविद्यालय कांस्य पदक, 21 प्रायोजित स्वर्ण पदक सहित कुल 62 पदक प्रदान किए जाएंगे। डॉक्टर सिंह ने बताया कि 62.90 फ़ीसदी छात्र जबकि



37.10 फ़ीसदी छात्राओं को पदक मिलेंगे। उन्होंने बताया कि प्राथमिक एवं जूनियर स्कूलों के 30 छात्र छात्राएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती भी शामिल रहेंगी। कार्यक्रम में मीडिया समिति के अध्यक्ष डॉ विजय यादव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। जबकि कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद कुल सचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने दिया। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि अभियंत्रण इटावा डॉक्टर एनके शर्मा, निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव, अधिष्ठाता वानकी महाविद्यालय डॉक्टर मुनीश कुमार, डा.कौशल कुमार विश्वविद्यालय एवं वि.वि.मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

वर्ष : 16 अंक : 267 लखनऊ बुधवार, 2 अक्टूबर 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

www.vishwavarta.com

# विश्ववार्ता

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

# 26 वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को दी जाएंगी 601 उपाधियां

## विश्वविद्यालय के केलाश भवन प्रेक्षागृह में सुबह 11 बजे से शुरू होगा

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर**। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के 26वें दीक्षा समारोह में 4 अक्टूबर को 601 उपाधियां दी जाएगीं। यह दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति व उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी।

विश्वविद्यालय के केलाश भवन प्रेक्षागृह में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। यह जानकारी मंगलवार को पत्रकारों से विश्वविद्यालय कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय गेहूं एवं मक्का सुधार केंद्र, मेक्सिको के महानिदेशक ब्रैम गोवार्ट्स को मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। ब्रैम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भी शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं



अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही उपस्थित रहेंगे। समारोह में 601 छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मेधावियों को 14 कुलाधिपति स्वर्ण पदक,14 विश्वविद्यालय रजत पदक, 13 विश्वविद्यालय कांस्य पदक, 21 प्रायोजित स्वर्ण पदक सहित कुल 62 पदक प्रदान किए जाएंगे। डॉक्टर सिंह ने बताया कि 62.90 फ़ीसदी छात्र जबकि 37.10 फ़ीसदी छात्राओं को पदक मिलेंगे। उन्होंने बताया कि प्राथमिक एवं जूनियर स्कूलों के 30 छात्र छात्राएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती भी शामिल रहेंगी। कार्यक्रम में मीडिया समिति के अध्यक्ष डॉ विजय यादव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

जबकि कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद कुल सचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने दिया। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि अभियंत्रण इटावा डॉक्टर एनके शर्मा, निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव, अधिष्ठाता वानकी महाविद्यालय डॉक्टर मुनीश कुमार, डा.कौशल कुमार विश्वविद्यालय एवं वि.वि.मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

मौसम
अधिकतम तापमान 33.c
27.c न्यूनतम तापमान
बाजार
सोना 73.840g
चांदी 87.000kg
सेंसेक्स 81,053.19
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# यूपी मैसेंजर
जनता की आवाज
04 'सत्य-अहिंसा के पुजारी, बापू तुमने दुनिया संवारी..
जैकलीन ने संगीत की दुनि
वर्ष :10 अंक :237 लखनऊ से प्रकाशित लखनऊ ,बुधवार 02 अक्टूबर 2024 पृष्ठ : 08

## सीएसए का दीक्षांत 4 को, बांटी जाएंगी 601 उपाधियां

कानपुर , सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने आज विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षा समारोह के पूर्व प्रेस वार्ता की।कुलपति डॉ सिंह ने पत्रकारों को प्रेस वार्ता में बताया कि 4 अक्टूबर 2024 को होने वाला 26 वा दीक्षांत समारोह कुलाधिपति/राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में होगा। कार्यक्रम प्रातः 11:00 से कैलाश भवन प्रेक्षागृह में प्रारंभ होगा ।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय गेहूं एवं मक्का सुधार केंद्र, मेक्सिको के महानिदेशक ब्रैम गोवाट्र्स को मानद उपाधि प्रदान की जाएगी।ब्रैम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भी शामिल होंगे।विशिष्ट अतिथि प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही उपस्थित रहेंगे। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि समारोह में 601छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी।इसके अतिरिक्त मेधावियों को 14 कुलाधिपति स्वर्ण पदक,14 विश्वविद्यालय रजत पदक, 13 विश्वविद्यालय कांस्य पदक, 21 प्रायोजित स्वर्ण पदक सहित कुल 62 पदक प्रदान किए जाएंगे। डॉक्टर सिंह ने बताया कि 62.90 फीसदी छात्र जबकि 37.10 फीसदी छात्राओं को पदक मिलेंगे। उन्होंने बताया कि प्राथमिक एवं जूनियर स्कूलों के 30 छात्र छात्राएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती भी शामिल रहेंगी।कार्यक्रम में मीडिया समिति के अध्यक्ष डॉ विजय यादव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।जबकि कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद कुल सचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने दिया।इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि अभियंत्रण इटावा डॉक्टर एनके शर्मा, निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव, अधिष्ठाता वानकी महाविद्यालय डॉक्टर मुनीश कुमार, डा.कौशल कुमार विश्वविद्यालय एवं वि.वि.मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

02/10/2024

रहस्य सन्देश

एटा/कासगंज

# सीएसए का दीक्षांत 4 अक्टूबर को, बांटी जाएंगी 601 उपाधियां,कुलपति ने की प्रेस वार्ता

अनवर अशरफ

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने आज विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षा समारोह के पूर्व प्रेस वार्ता की। कुलपति डॉ सिंह ने पत्रकारों को प्रेस वार्ता में बताया कि 4 अक्टूबर 2024 को होने वाला 26 वा दीक्षांत समारोह कुलाधिपति/श्री राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की अध्यक्षता में होगा। कार्यक्रम प्रात: 11ः00 से कैलाश भवन प्रेक्षागृह में प्रारंभ होगा।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय गेहूं एवं मक्का सुधार केंद्र, मेक्सिको के महानिदेशक ब्रैम गोवाट्र्स को मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। ब्रैम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भी शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही उपस्थित रहेंगे। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि समारोह में 601छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मेधावियों को 14 कुलाधिपति स्वर्ण पदक,14 विश्वविद्यालय रजत पदक, 13 विश्वविद्यालय कांस्य पदक, 21 प्रायोजित स्वर्ण पदक सहित कुल 62 पदक प्रदान किए जाएंगे। डॉक्टर सिंह ने बताया कि 62.90 फ़ीसदी छात्र जबकि 37.10 फ़ीसदी छात्राओं को पदक मिलेंगे। उन्होंने बताया कि प्राथमिक एवं जूनियर स्कूलों के 30 छात्र छात्राएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती भी शामिल रहेंगी। कार्यक्रम में मीडिया समिति के अध्यक्ष डॉ विजय यादव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। जबकि कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद कुल सचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने दिया। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि अभियंत्रण इटावा डॉक्टर एनके शर्मा, निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव, अधिष्ठाता वानकी महाविद्यालय डॉक्टर मुनीश कुमार, डा.कौशल कुमार विश्वविद्यालय एवं वि.वि.मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# फरह में

विनोद अग्रवाल मथुरा

कस्बा फरह में पूर्व की
इस वर्ष भी अग्रसैन ज
महोत्सव 4 अक्टूबर शुक्रवार
मनाया जायेगा। इससे एक
पूर्व उनके जन्मोत्सव
बांकेबिहारी बिहारी मंदिर में
पूजन किया जायेगा। सर्वप्रथ
अक्टूबर को सुबह 8 बजे
धर्मशाला से 101 कलशीय
निकाली जायेगी। जो
बाजार से होते हुये रामेश्वर
होम तक पहुंचेगी। सायं 5
भव्य अग्रसेन शोभायात्रा

# श्री सूरज पाल सिंह प्र आईटीआई बरकुआ रोजगार मेला 0 अक्टूबर को।

रहस्य संदेश ब्यूरो


कासगंज- श्री सूरज
सिंह प्रा0 आईटीआई
बरकुआ में रोजगार मेले

दैनिक
आज का कानपुर

आज का कानपुर



हिन्दी दैनिक



# सीएसए का दीक्षांत 4 अक्टूबर को, बांटी जाएंगी 601 उपाधियां-कुलपति



**आज का कानपुर**

कानपुर । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने आज विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षा समारोह के पूर्व प्रेस वार्ता की। कुलपति डॉ सिंह ने पत्रकारों को प्रेस वार्ता में बताया कि 4 अक्टूबर 2024 को होने वाला 26 वा दीक्षांत समारोह कुलाधिपति/श्री राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की अध्यक्षता में होगा। कार्यक्रम प्रात: 11:00 से कैलाश भवन प्रेक्षागृह में प्रारंभ होगा।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय गेहूं एवं मक्का सुधार केंद्र, मेक्सिको के महानिदेशक ब्रैम गोवार्ट्स को मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। ब्रैम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भी शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही उपस्थित रहेंगे। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि समारोह में 601 छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मेधावियों को 14 कुलाधिपति स्वर्ण पदक,14 विश्वविद्यालय रजत पदक, 13 विश्वविद्यालय कांस्य पदक, 21 प्रायोजित स्वर्ण पदक सहित कुल 62 पदक प्रदान किए जाएंगे। डॉक्टर सिंह ने बताया कि 62.90 फ़ीसदी छात्र जबकि 37.10 फ़ीसदी छात्राओं को पदक मिलेंगे। उन्होंने बताया कि प्राथमिक एवं जूनियर स्कूलों के 30 छात्र छात्राएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती भी शामिल रहेंगी। कार्यक्रम में मीडिया समिति के अध्यक्ष डॉ विजय यादव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। जबकि कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद कुल सचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने दिया। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि अभियंत्रण इटावा डॉक्टर एनके शर्मा, निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव, अधिष्ठाता वानकी महाविद्यालय डॉक्टर मुनीश कुमार, डा.कौशल कुमार विश्वविद्यालय एवं वि.वि.मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।